जब टुट जाता हूँ अपनों के सताने से श्याम भजन लिरिक्स

जब टुट जाता हूँ,
अपनों के सताने से,
मुझे बुला लिया खाटू,
बाबा ने बहाने से,
साँवरा करता मुझे कितना प्यार।bd।

तर्ज – मिलना हमें तुमसे।

मेरी आँख के आंसू,
वो देख नहीं पाया,
मुस्कान चेहरे की,
वापस मेरी लाया,
खुश हो गया मेरा दिल,
इसके समझाने से,
मुझे बुला लिया खाटू,
बाबा ने बहाने से,
साँवरा करता मुझे कितना प्यार।bd।

जैसे ही मैं आया,
मेरे श्याम के दर पे,
रख दिया प्यार से हाथ,
बाबा ने मेरे सर पे,
सौगात दी मुझको,
अपने खजाने से,
मुझे बुला लिया खाटू,
बाबा ने बहाने से,
साँवरा करता मुझे कितना प्यार।bd।

'कुंदन' मेरी किस्मत,
मुझे ऐसा मिला दाता,
तकदीर मेरी अपने,
ये हाथो से सजाता,
पीछे नहीं हटता,
रिश्ता निभाने से,
मुझे बुला लिया खाटू,
बाबा ने बहाने से,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

साँवरा करता मुझे कितना प्यार।bd।

जब टुट जाता हूँ,
अपनों के सताने से,
मुझे बुला लिया खाटू,
बाबा ने बहाने से,
साँवरा करता मुझे कितना प्यार।bd।

Singer – Vandana Arora Gandhi

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com